# मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति

सौली खड्ड मंडी,(हि.प्र.)–175001

# वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

1अप्रैल,2024 से 31मार्च,2025

## गठन व पृष्ठभूमि

मंडी जिला में साक्षरता अभियान की शुरूआत के लिए प्रयास हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए अभियान से पहले हो चुके थे। बहुचर्चित भोपाल गैस कांड ने जब सारे देश को हिला कर रख दिया था, तब राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों, बुद्धिजीवियों, लेखकों व कलाकारों को मंच पर इकट्ठा करने की जरूरत महसूस हुई। वर्ष 1987 में 26संगठनों ने अपने आपको अखिल भारतीय जन विज्ञान नेटवर्क के रूप में संगठित किया ताकि लोगों को वैज्ञानिक तौर तरीकों तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रति बेहतर समझ विकसित की जा सके तथा समाज के विकास में उनके योगदान के प्रति अवगत करवाया जा सके। साक्षरता दूत के रूप में राजेन्द्र मोहन और भूपेन्द्र सिंह ने कला जत्थे की अगुवायी की। 25जून,1990 को जिला स्तरीय सम्मेलन में ही एक कला जत्थे का गठन हुआ जो प्रशिक्षण के बाद गांव गांव में साक्षरता की मशाल जलाने चल पड़ा। तत्तकालीन उपायुक्त डा. अशोक रंजन बसु की अध्यक्षता में भारत ज्ञान विज्ञान समिति की मंडी इकाई का गठन किया गया। मंडी में यहीं से साक्षरता अभियान का सूत्रपात हुआ। मंडी जिले में साक्षरता अभियान के लिए जमीन पहले से तैयार हो चुकी थी। भारत ज्ञान विज्ञान समिति की मंडी इकाई पहले से मौजूद थी। वरिष्ठ लेखक व सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. सुंदर लोहिया ने इस अभियान में जुड़ने की सहमति मिलने से साक्षरता के कार्य व जागरूक नवयुवकों को अधिक बल मिला। प्रदेश में इसकी शुरूआत 14जून,1992 को हिमाचल विश्वविद्यालय के सभागार में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम श्री आर. वेकटरमन द्वारा साक्षरता ज्योति प्रज्जवलित की गई। परंतु जिला मंडी में 5फरवरी,1992 को विधिवत ढंग से मंडी साक्षरता समिति का गठन सोसायटी एक्ट 1860 के तहत कर दिया गया था। तत्कालीन अतिरिक्त उपायुक्त श्री जी.एस.राठौर समिति के अध्यक्ष बने और प्रो. सुंदर लोहिया सचिव बनाए गए। अतः पिछले कार्य के अनुभव के आधार पर मण्डी में स्वयं सहायता समूह बनाने का निर्णय लिया गया। वर्ष2000 में राष्ट्रीय कृषि एवम् ग्ग्रामीण विकास बैंक के साथ जुड़कर विभिन्न परियोजनाओं में कार्य किया जा रहा है जिसमें स्वयं सहायता समूह ,किसान क्लब, संयुक्त देयता समूह, गाँँव विकास कार्यक्रम, वित्तीय साक्षरता अभियान, लोहागिरी कलस्टर विकास, थाची, मुख्य है। 2009 में सूक्ष्म बीमा का कार्य भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ शुरू किया। दिसंबर,2022 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तिय समावेशन कार्यक्रम वित्तिय साक्षरता केन्द्र सीएफएल सैंटर स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। मण्डी,हमीरपुर व कुल्लू जिला का कार्य मण्डी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को दिया गया है। समिति ने इन कार्यक्रमों को आम जनता, प्रशासन, जन प्रतिनिधियों व स्वंय सेवी कार्यकर्ताओं के सहयोग व मेहनत से देश में अग्रणी रूप से चलाया है। समिति ने जन सहयोग व प्रशासन के सहयोग से अपना कार्यालय भवन, स्त्रोत प्रशिक्षण केन्द्र व बैठक कक्ष बनाया है।

## संगठनात्मकः

समिति की साधारण सभा व कार्यकारिणी जिसमें 27सदस्य है 3स्थान रिक्त है।

| क्र | नाम | पद | मोबाईल | फोटो |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हेमंत राज वैद्य | अध्यक्ष | 94181- 00333 |  |
| 2 | श्री राजेंद्र मोहन | वरिष्ठ उपाध्यक्ष | 94184- 94222 |  |
| 3 | श्री जोगिन्द्र वालिया | उपाध्यक्ष | 94180- 23354 |  |
| 4 | श्री भीम सिंह | महासचिव | 94180- 73190 |  |
| 5 | श्रीमती सुनीता बिस्ट | सचिव | 94180-85651 |  |
| 6 | श्री एनआर ठाकुर | सह सचिव | 94184- 83177 |  |
| 7 | श्री मुरारी शर्मा | सह सचिव | 94180-25190 |  |
| 8 | श्री ललित शर्मा | सह सचिव | 94181-64777 |  |
| 9 | श्री भूपेंद्र सिंह | कोषाध्यक्ष | 94180-35530 |  |
| 10 | डा. वीना वैद्य | कार्यकारिणी सदस्य | 94184- 56803 |  |
| 11 | श्री बीरबल शर्मा | कार्यकारिणी सदस्य | 94180-40040 |  |
| 12 | डा. विजय विशाल | कार्यकारिणी सदस्य | 94181- 23571 |  |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 13 | श्री नरपत राम | कार्यकारिणी सदस्य | 94183- 71321 |  |
| 14 | श्री नवल किशोर | कार्यकारिणी सदस्य | 94186- 53288 |  |
| 15 | श्री तिलक राम चौहान | कार्यकारिणी सदस्य | 94181-64779 |  |
| 16 | श्री कांशी राम | कार्यकारिणी सदस्य | 94185-90074 |  |
| 17 | श्री सेवक राम | साधारण सभा सदस्य | 94181-64778 |  |
| 18 | श्रीमती जयंवती | साधारण सभा सदस्य | 94186- 52243 |  |
| 19 | श्री खेम सिंह | साधारण सभा सदस्य | 94184- 19729 |  |
| 20 | श्री कुलदीप गुलेरिया | साधारण सभा सदस्य | 94181- 44703 |  |
| 21 | श्री देवेंद्र कुमार | साधारण सभा सदस्य | 94182-77268 |  |
| 22 | श्री गजेन्द्र शर्मा | साधारण सभा सदस्य | 94180-04088 |  |
| 23 | श्रीमती रीना शर्मा | साधारण सभा सदस्य | 88948-97893 |  |
| 24 | श्री नेक राम शर्मा | साधारण सभा सदस्य | 98170-19281 |  |
| 25 | रिक्त | | | |
| 26 | रिक्त | | | |
| 27 | रिक्त | | | |

# समिति द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाएं

## 1.सुक्ष्म बीमा

मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति द्वारा मार्च 2009 में भारतीय जीवन बीमा निगम से इकरार किया तथा सुक्ष्म बीमा की ऐजेंसी ली। वर्ष 2005 में तत्कालीन राष्ट्रपति स्व. डा. अब्दुल कलाम ने देश के आम जन तक बीमा की सुविधा पहुंचाने हेतु सूक्ष्म बीमा के नाम से योजना आरंभ की। इस कार्य हेतु समिति के दो मुख्य मकसद थे। एक तो गरीब आदमी को बीमा (सामाजिक सुरक्षा) से जोड़ना और दूसरा बीमा के नाम पर कुछ चिटफंड कंपनियों द्वारा आम जनता को लूटने से बचाना। भारतीय जीवन बीमा निगम क्योकि भारत सरकार का उपक्रम है। इस योजना के अंतर्गत जिला में गरीब लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत करने व उन्हें सामाजिक सुरक्षा देने के लिये कार्य किया जा रहा है। आर्थिक रूप से मजबूत जब कोई व्यक्ति होता तो वह बचत व भविष्य में आने वाली समस्याओं व विपदाओं के बारे में भी सोचेगा। दूसरी तरफ सामाजिक सुरक्षा तक भी पहुंच उसी सम्पन्न वर्ग की है चाहे बीमा एंजेट हों या सरकार द्वारा संचालित दूसरे सामजिक सुरक्षा के कार्यक्रम हो। भविष्य के लिए बचत और सामाजिक सुरक्षा भी इस अभियान के हिस्सा होंगे। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में गरीब लोगों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने का प्रयास किया जायेगा।

समिति ने अब तक 250285 से ज्यादा लोगों तक सुक्ष्म बीमा की पहुंच बनाई है। समिति आज के समय में 4जिलों जिसमें मंडी, कुल्लू, कांगड़ा, हमीरपुर के 26 खंड इकाईयों में सुक्ष्म बीमा का कार्य कर रहा है। इस वर्ष 2024-25 में समिति द्वारा 13006 बीमा बनाये गये हैं और 1.35 करोड़ प्रथम प्रीमियम अर्जित किया है। इस वित वर्ष में 18 करोड़ प्रीमियम अर्जित करके भारतीय जीवन बीमा निगम में जमा करवाया। इस वर्ष 209 मृत्यु दावे हुये जिसमें 70,97,075/- रूपये की राशि उनके परिवारों को मिली। इस वित वर्ष में 5705 लोगों की पॉलिसियां परिपक्व हुई है जिनकी राशि पॉलिसी धारको को लगभग 15 करोड़ भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदान की गई है।

इस वित वर्ष में जो पॉलिसी धारक अपने व्यक्तिगत कारण की वजह से पॉलिसी जमा नहीं करवा पा रहे थे जिनमें 188 पॉलिसी धारकों ने पॉलिसी सरैण्डर करवाई है जिसकी राशि पॉलिसी धारकों को लगभग 1करोड़ प्राप्त हुई है। अभी तक 1880 बीमा मित्र समिति भर्ती कर चुकी है जिनमें से 999बीमा मित्र सक्रिय है। इस वित वर्ष में 40 नये बीमा गांव बनाये गये है।

## अध्ययन भ्रमण

- ❖ दिनांक 2जुलाई,2024 को बेहतर कार्य करने वाले बीमा मित्रों का अध्ययन भ्रमण सेमिनार पराशर में आयोजित किया गया जिसमें समस्त खंडो से 57प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- ❖ दिनांक 4नवंबर,2024 को बेहतर कार्य करने वाले बीमा मित्रों का अध्ययन भ्रमण सेमिनार बरोट में आयोजित किया गया जिसमें समस्त खंडो से 72प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- ❖ दिनांक 2फरवरी,2025 को बेहतर कार्य करने वाले बीमा मित्रों का अध्ययन भ्रमण सेमिनार मनीकर्ण में आयोजित किया गया जिसमें समस्त खंडो से 171प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# साक्षरता एवं जन विकास समिति ने खोले 2,47,853 खाते



मंडी में पत्रकारों से बातचीत करते साक्षरता एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • मंडी** : मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति वर्ष 1990 से कार्य रही है और निरंतर अपने कार्य क्षेत्र में बदलाव व विस्तार से आगे बढ़ रही है। यह बात मंडी के सौली खड्ड में समिति के अध्यक्ष हेमंत राज वैद्य ने पत्रकारों से कही। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन की शुरूआत से ही पत्रकारों का सहयोग रहा है। उत्तरी भारत में सूक्ष्म बीमा बनाने व सामाजिक सुरक्षा करवाने में प्रथम स्थान पर है।

समिति ने वर्ष 2009 से भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा सामाजिक सुरक्षा बीमा बनाने के लिए अधिकृत किया गया। समिति ने दूसरे कार्यों की तरह सूक्ष्म बीमा के कार्यों को मंडी, कुल्लू, हमीरपुर व कांगड़ा के बैजनाथ से 27 ब्लाक तक पहुंचाया है। इस योजना में ग्रामीण महिलाओं, मजदूरों, किसानों, छोटे व्यापारियों को लाभ दिया गया। इस कार्य के लिए समिति को देश व उत्तरी भारत में प्रथम रहने के लिए विभिन्न पुरस्कार दिए गए। समिति ने अब तक 2,47,853 व्यस्कों के बीमा खाते खोले हैं। अब तक 2153 मृत्यु दावे परिवारों को मिल चुके हैं। इसके अंतर्गत 10.76 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रभावित परिवारों को मिली है। समिति के महासचिव भीम सिंह ने बताया कि इस वर्ष समिति ने 15,000 नए खाते बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 11,500 बनाए जा चुके हैं। पहली अक्टूबर 2024 से बीमा क्षेत्र में बदलाव आने से समिति सूक्ष्म बचत 751 में लोगों को जोड़ेगी। इसमें एक लाख रुपये के बीमा पर चार लाख रुपये दुर्घटना लाभ होगा। दो लाख रुपये के बीमा पर आठ लाख रुपये दुर्घटना लाभ होगा। इस पालिसी में जीएसटी व मेडिकल नहीं होगा। समिति अधिक बीमा सखियों की भर्ती करेगी और लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहेगी।

# उत्तरी भारत में सुक्ष्म बीमा बनाने व सामाजिक सुरक्षा करवाने में मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति अव्वल

**मंडी, (आपका फैसला)।** मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को वर्ष-2009 से भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा सामाजिक सुरक्षा (सुक्ष्म बीमा) बनाने के लिये अधिकृत किया गया। समिति के अध्यक्ष हेमंत राज वैद्य ने कहा कि समिति ने दूसरे कार्यो की तरह सुक्ष्म बीमा के कार्यो को प्रदेष के चार जिलाओं मंडी, कुल्लू हमीरपुर व कांगड़ा के एक ब्लाक बैजनाथ कुल 27 ब्लाक तक पहुंचाया है। इस योजना में ग्रामीण महिलायें मजदूर- किसान, छोटे व्यापारियों को लाभ प्रदान करवाया गया है। इस कार्य के लिये समिति को देष व उत्तरी भारत में प्रथम रहने के लिये विभिन्न पुरस्कार दिये गये है। समिति ने अब तक 247853 व्यस्कों के बीमा खाते खोले है। जिसमें 1315 कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया है। इस कार्य में प्रषासन, पंचायती राज संस्थाओं, महिला मण्डलों, स्वयं सहायता समूहों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समिति द्वारा 553गांव को बीमा गांव की 2करोड़ राषि भारतीय जीवन बीमा द्वारा अनुदान दी है। अब तक 2153 मृत्यु दावे परिवारों को मिल चुके है जिसके तहत 10.76करोड़ की सहायता राषि प्रभावित परिवारों को मिली है। समिति के महासचिव भीम सिंह ने कहा कि इस वर्श समिति का लक्ष्य 15हजार नये खाते बनाने का है जिसमें से समिति ने 11500 खाते बना चुकी है। 1अक्तूबर,2024 से बीमा के क्षेत्र में बदलाव आने के कारण समिति माईक्रो बचत-751 में लोगों को जोड़ेगी जिसमें 1लाख के बीमा में 4लाख दुर्घटना लाभ होगा, 2लाख के बीमा में 8लाख दुर्घटना लाभ होगा। इस पॉलिसी में कोई जीएसटी व मेडिकल नहीं होगा। समिति ज्यादा से ज्यादा बीमा सखियों की भर्ती करेगा और अपने लक्ष्य को पूरा करेगा। पिछले वर्श से बीमा गांव की ईनाम राषि भारतीय जीवन बीमा निगम ने 35 हजार से बढ़ाकर 1लाख कर दी है जिसका लाभ गांव वासियों को मिलेगा यदि 100 व्यक्ति गांव से जुड़ते है। समिति उत्तरी भारत में एक मात्र संस्था है जो इतने बड़े पैमाने पर सुक्ष्म बीमा बना रही है। समिति आवाहन करती है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस योजना से जुड़ें। इस अवसर पर समिति के वरिश्ठ उपाध्यक्ष एवम् पार्शद नेला वार्ड राजेन्द्र मोहन समिति के सह सचिव मुरारी षर्मा, ललित षर्मा ने भाग लिया।

# सुक्ष्म बीमा बनाने, सामाजिक सुरक्षा करवाने में समिति अव्वल

• खबरनामा ब्यूरो

मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति के अध्यक्ष हेमंतराज वैद्य ने कहा कि वर्ष 1990 से साक्षरता अभियान से शुरू साक्षरता समिति का कारवां निरंतर आगे बढ़ रहा है। पत्रकार वार्ता में कहा कि अपने इस सफर में आज भी समिति निरंतर नई ऊंचाईयों की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि को वर्ष 2009 से भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा सामाजिक सुरक्षा सुक्ष्म बीमा बनाने के लिए अधिकृत किया गया।



समिति के अध्यक्ष ने कहा कि समिति ने दूसरे कार्यों की तरह सुक्ष्म बीमा के कार्यों को प्रदेश के चार जिलों मंडी, कुल्लू, हमीरपुर व कांगड़ा के एक ब्लाक बैजनाथ समेत कुल 27 ब्लाकों तक पहुंचाया है। इस योजना में ग्रामीण महिलाएं मजदूर-किसान, छोटे व्यापारियों को लाभ प्रदान करवाया गया है। इस कार्य के लिए समिति को देश व उत्तरी भारत में प्रथम रहने के लिए विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। समिति ने अब तक 247853 व्यस्कों के बीमा खाते खोले हैं। जिसमें 1315 कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया है। इस कार्य में प्रशासन, पंचायती राज संस्थाओं, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। समिति द्वारा 553 गांव को बीमा गांव की 2 करोड़ राशि भारतीय जीवन बीमा द्वारा अनुदान दी है। अब तक 2153 मृत्यु दावे परिवारों को मिल चुके हैं जिसके तहत 10.76 करोड़ की राशि प्रभावित परिवारों को मिली है। महासचिव भीम सिंह ने कहा कि इस वर्ष समिति का लक्ष्य 15 हजार नए खाते बनाने का है, जिसमें से 11500 खाते बना चुकी है। पहली अक्तूबर, 2024 से बीमा के क्षेत्र में बदलाव आने के कारण समिति माईक्रो बचत-751 में लोगों को जोड़ेगी। जिसमें एक लाख के बीमा में 4 लाख दुर्घटना लाभ होगा, दो लाख के बीमा में 8 लाख दुर्घटना लाभ होगा। इस पॉलिसी में कोई जीएसटी व मेडिकल नहीं होगा। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पार्षद नेला वार्ड राजेंद्र मोहन, सह सचिव मुरारी शर्मा, ललित शर्मा ने भाग लिया।

## 2.वित्तिय साक्षरता केन्द्र (CFL) परियोजना

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तिय समावेशन कार्यक्रम 2019 से पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर पर वित्तिय साक्षरता केन्द्र सीएफएल सैंटर स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। जिसके संचालन हेतु कुल 9 CFL सैंटर स्वीकृत किये गये हैं जिसमें कुल 26 विकास खण्ड हैं।

| क्रमांक | जिला | केन्द्र का नाम | विकास खण्ड | वितपोषण संस्था |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मण्डी | मण्डी सदर | सदर, द्रंग, चौंतड़ा | नाबार्ड |
| 2 | मण्डी | बल्ह | बल्ह, धनोटू, सुन्दरनगर | नाबार्ड |
| 3 | मण्डी | गोहर | गोहर, बालीचौकी, सराज | नाबार्ड |
| 4 | मण्डी | चुराग | चुराग, करसोग, निहरी | भारतीय रिजर्व बैंक |
| 5 | मण्डी | गोपालपुर | गोपालपुर, धर्मपुर | नाबार्ड |
| 6 | कुल्लू | नग्गर | नग्गर, कुल्ल, भुन्तर | नाबार्ड |
| 7 | कुल्लू | आनी | बंजार, निरमण्ड, आनी | भारतीय रिजर्व बैंक |
| 8 | हमीरपुर | हमीरपुर | हमीरपुर, नदौन, सुजानपुर टिहरा | भारतीय रिजर्व बैंक |
| 9 | हमीरपुर | भोरंज | भोरंज, बिझड़, बमसन | नाबार्ड |

## वित्तिय साक्षरता केन्द्र (CFL) परियोजना का उद्देश्य

वितिय साक्षरता केन्द्र के द्वारा सरकार की तरफ से बैंकों के माध्यम से चलाई गई विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं व बचत योजनाओं में आम जनता को जोड़ने का कार्य किया जायेगा। उपरोक्त केन्द्रों द्वारा शिविरों के माध्यम से लोगों को वित्तिय साक्षरता के बारे में जागरूक किया जायेगा जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं–प्रधानमन्त्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमन्त्री जीवन ज्योती बीमा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पैंशन योजना, प्रधानमन्त्री मुद्रा योजना, किसान क्रैडिट कार्ड, एटीम कार्ड, डैबिट कार्ड, रूपये कार्ड, ऑनलाईन ट्रांजैक्शन, व बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बचत स्कीमों की जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी। इसके अलावा ऑनलाईन धोखाधड़ी से कैसे बचें इसके बारे लोगों को जागरूक किया जाऐगा। वितिय

साक्षरता केन्द्र के माध्यम से 18 वर्ष से 60 वर्ष तक के लोगों को बचत, बजट बनाना, पैसों का सही लेनदेन, डिजिटल लेनदेन, ऑनलाईन फ्रॉड के बारे में लोगों को जानकारी देना तथा विभिन्न समाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाऐगा।

## CFL संचालन हेतु ढांचा

- **समिति के स्तर पर ढांचाः–** परियोजना समन्वयक, कार्यक्रम समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयक। परियोजना के कार्य को करवाना व उसकी मॉनिटरिंग का कार्य करेंगे।
- **वितिय साक्षरता केन्द्र पर ढांचाः–** 1सैटर हैड, 1डाटा ऑपरेटर तथा 1 से 3फैसिलीटेटर परियोजनाओं का कार्य करेंगे। 9केन्द्रों में कुल 73 कार्यकर्ता कार्य कर रहे हैं।
- **वितिय प्रावधानः–** प्रत्येक सैंटर को हर माह 1,05,000 रूपये कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि, बैठकों के खर्चे, यात्रा भत्ता इत्यादि पर व्यय किये जाते हैं। जिसका 10 प्रतिशत 10,500 हर माह प्रशासनिक खर्च हेतु समिति को मिलता है।
- **परियोजना की मॉनिटरिंगः–** वितिय साक्षरता केन्द्र द्वारा किये गये कार्य की मॉनिटरिंग हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ADEPT पोर्टल चलाया गया है जिसमें डाटा ऑपरेटर द्वारा हर दिन का डाटा अपलोड किया जायेगा। इस परियोजना की मॉनिटरिंग जिला स्तर पर अग्रणी बैंक प्रबन्धक, पंजाब नैश्नल बैंक, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा की जायेगी। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक किसी अन्य एजैन्सी के माध्यम से भी निगरानी रखेगा।

## वितिय साक्षरता केन्द्र से संबंधित मुख्य गतिविधियांः–

- भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 24 से 28 फरवरी 2025 **वितिय समझदारी–समृद्ध नारी** थीम के साथ वितिय जागरूकता सप्ताह मनाया गया जिसके तहत गृहणी महिलाएं, कामकाजी महिलाएं तथा उद्यमी महिलाओं के लिए 73 विशेष कैम्प आयोजित किये गये। इन कैम्पों में कुल 1012 महिलाओं ने भाग लिया।

- 10 मार्च से 16 मार्च 2025 तक डिजिटल लेनदेन सप्ताह मनाया गया। जिसमें सभी CFL सैंटर द्वारा 35 कैम्प आयोजित किये गये जिसमें डिजिटल लेनदेन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इन कैंम्पों में कुल 836 लोगों को डिजिटल लेनेदेन सिखाया गया।
- भारतीय रिजर्व बैंक के नोडल अधिकारी द्वारा व नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक द्वारा CFL सैंटरों का निरिक्षण किया गया। जिसमें हमारे सभी 9 सैंटर के कार्यों को सही पाया गया है।
- 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के तहत सभी CFL सैंटर द्वारा पौधारोपण का कार्य किया गया। इस दौरान मण्डी, हमीरपूर व कुल्लू में विभिन्न सार्वजनिक स्थानों, जल स्त्रोतो की सफाई की गई।
- 10जुलाई से 31 अगस्त तक पौधारोपण कार्यक्रम के तहत 26 ब्लॉक में लगभग 20 हजार पौधे लगाये गये।
- प्रत्येक CFL सैंटर द्वारा युवाओं में बढ़ते नशे के रोकने बारे हर माह 2 शिक्षण संस्थानों में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया  जा रहा है।

परियोजना के कार्य में 1अप्रैल 2024 से 31मार्च 2025 तक की प्रगतिः–

| CFL Annual Progress Report for the period of 1st April, 2024 to 31 March 2025 | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | End Outcomes up to for the period of 1st April, 2024 to 31 March 2025 | | | | | | |
| Sr. No | Name of CFLCentre | Total Number of Camp's | Total Number of Villages Target | Total Number of Villages Covered | Total Population Target | Total covered age group (18 to 60 Years) | Saving / Current A/Cs | PMSBY | PMJJBY | APY | Loans | Digital Payments (QR Code, Mobile Banking, Net banking, UPI etc.) | Others (KYC updation, ATM activation, SSY, A/c other investment products etc.) |
| 1 | **Ani** | **301** | **62** | **21** | **24415** | **14746** | **63** | **2604** | **930** | **1** | **2** | **1787** | **196** |
| 2 | **Naggar** | **336** | **202** | **56** | **31080** | **14067** | **20** | **1232** | **316** | **3** | **138** | **2067** | **44** |
| 3 | **Hamirpur** | **263** | **453** | **145** | **42433** | **15950** | **1186** | **1720** | **428** | **144** | **55** | **2652** | **1292** |
| 4 | **Bhoranj** | **226** | **422** | **162** | **55047** | **22305** | **419** | **1578** | **724** | **132** | **36** | **2046** | **855** |
| 5 | **Sadar** | **204** | **434** | **132** | **57716** | **23107** | **676** | **1600** | **377** | **92** | **217** | **2198** | **300** |
| 6 | **Balh** | **376** | **185** | **78** | **41217** | **16000** | **498** | **2418** | **385** | **12** | **49** | **3715** | **368** |
| 7 | **Gopalpur** | **206** | **287** | **96** | **30665** | **16093** | **917** | **1382** | **930** | **138** | **94** | **4453** | **491** |
| 8 | **Gohar** | **312** | **353** | **71** | **34290** | **14188** | **252** | **2460** | **799** | **34** | **42** | **2164** | **111** |
| 9 | **Churag** | **192** | **407** | **91** | **25737** | **15845** | **951** | **1469** | **894** | **202** | **121** | **2746** | **709** |
| | **Total** | **2416** | **2805** | **852** | **342600** | **152301** | **4982** | **16463** | **5783** | **758** | **754** | **23828** | **4366** |

अखबार की कतरने

प्रदेश भर में मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को मिला प्रथम स्थान

# मंडी साक्षरता समिति ने वित्तीय साक्षरता परियोजना क्रियान्वयन में फहराया परचम





वित्तिय साक्षरता केंद्र परियोजना के माध्यम से लोगों के बीच पहुंच बनाते कार्यकर्ता।

सवेरा ब्यूरो

मंडी, 15 जनवरी : जमीनी स्तर पर लोगों के बीच कार्य करने वाली स्वयंसेवी संस्था मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति ने एक बार फिर अपना परचम फहराया है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तिय समावेशन कार्यक्रम 2019-2024 के तहत पूरे देश में हर ब्लॉक स्तर पर वित्तिय साक्षरता केंद्र सीएफएल सैंटर स्थापित करने की योजना चलाई जा रही है। जिसमें मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल कर प्रदेश में अव्वल रही है। हिमाचल प्रदेश में भी विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से यह योजना चलाई जा रही है। मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को मंडी, हमीरपुर व कुल्लू जिला का कार्य सौंपा गया है। जबकि शेष हिमाचल का कार्य तीन अन्य संस्थाओं को दिया गया है। जिसमें मंडी साक्षरता समिति की ओर से वितिय साक्षरता केंद्र परियोजना के माध्यम से अब तक 2,63,358 लोगों तक पहुंच बनाई गई है। जिसमें से 8126 लोगों के बचत खाते खोले गए, 1410 बंद बैंक खाते चालू किए, 54714 लोगों को सामाजिक सुरक्षा, 1599 लोगों को लोन, 1638 लोगों को पैंशन, 5667 लोगों के एटीएम, 1463 लोगों को अन्य सरकारी स्कीमों में, 41465 लोगों को डिजिटल लेनदेन के साथ जोड़ने का कार्य किया है। मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति के महासचिव भीम सिंह ने बताया कि पहली जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2024 तक समिति द्वारा परियोजना का 77 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक शिमला द्वारा 13 जनवरी को की गई समीक्षा बैठक में परियोजना के कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के लिए समिति को प्रथम स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 तक 350000 लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है और अधिक से अधिक लोगों को उपरोक्त योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इस आधार पर मंडी में मंडी सदर, बल्ह, गोहर, गोपालपुर व सुराग, जिला कुल्लू में नगर व आनी, जिला हमीरपुर में हमीरपुर व भोरंज में कुल 9 वितिय साक्षरता केंद्र स्थापित कि गए हैं।

इन वितिय साक्षरता केंद्रों में एक मुख्य समन्वयक, दो सहायक समन्वयक व एक डाटा ऑपरेटर नियुक्त कि गए हैं जो गांव-पंचायत स्तर पर कैंप के माध्यम लोगों को वितिय साक्षरता के बारे में जागरूक करते हैं व सरकार द्वारा चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना, अटल पैंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पैंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, डॉ. यशवन्त सिंह परमार विद्यार्थि ऋण योजना, किसान क्रैडिट कार्ड, एटीम कार्ड, डैबिट कार्ड, रूपे कार्ड, ऑनलाईन ट्रांजेक्शन व बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न बचत स्कीमों की जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। इसके अलावा ऑनलाईन धोखाधड़ी के बारे में लोगों को जागरूक करने व विभिन्न योजनाओं में जोड़ने का कार्य किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अव्वल रहने पर समिति के कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन हुआ है। जिसके चलते आगे भी अपने कार्य को जोश,उत्साह और ईमानदारी से निभाएंगे।

## ३. नाबार्ड परियोजनाएं

### 3-1 <u>गैर कृषक उत्पादक संगठन परियोजना</u> (OFPO)

मंडी साक्षरता एवम् जन विकास समिति को नाबार्ड द्वारा स्वीकृत **गैर कृषक उत्पादक संगठन परियोजना** परियोजना दिनाँक 05–04–2022 के तहत OFPO सरोआ में कम्पनी की कुल सदस्यता 510 एवम् शेयर पूंजी (Share capital) 620000/- रूपये हो चुका हैं। परियोजना में **सामान्य सुविधा केन्द्र** (Community Facilities Centre ) गोहर खंड के नाण्डी में चलाया जा रहा है तथा 6 स्थानों पर गाँव स्तर की प्रोड्क्शन यूनिट्स चलाई जा रही है। कम्पनी के द्वारा 2024–25 में नाबार्ड द्वारा लगाई गई विभिन्न प्रदर्शनियों एवम् मेलों के माध्यम से उत्पादों की बिक्री की जा रही है एवम् स्थानीय बाजार व कुल्लु बाजार में भी उत्पादों की बिक्री की जा रही है। कम्पनी के द्वारा माह अप्रैल,2024 से मार्च,2025 तक 4058310/–रू0 का व्यवसाय किया गया। कम्पनी द्वारा 2024–25 में बोर्ड निर्देशकों की12बैठकें की गई। 8अगस्त,2024 को स्थान नाण्डी में हैण्डलुम दिवस DGMनाबार्ड श्री मनोहर लाल जी की अध्यक्षता में मनाया गया। 12दिसम्बर,2024 को कम्पनी की वार्षिक आम सभा का आयोजन स्थान सरोआ में किया गया। 8फरवरी,2025 को सरोआ हैण्डलुम कम्पनी में MBA के 20 छात्रों के द्वारा अध्ययन भ्रमण किया गया। मार्च,2025 में कम्पनी का कार्यालय स्थान पण्डोह में खोला गया है जिसके साथ ही कम्पनी के wraping unit लगाई गई है।






गोहर में बुनकरों के साथ मनाया हथकरघा दिवस

गोहर में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बुनकर और अधिकारी। स्रोत : आयोजक

गोहर (मंडी)। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर नाबार्ड ने सरोआ हैंडलूम कंपनी और मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के सहयोग से नाचन उपमंडल के नांडी विकास खंड, गोहर में बुनकरों के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय शिमला के उप महाप्रबंधक मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मनोहर लाल ने उपस्थित बुनकरों को बधाई दी और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। जन विकास समिति के उपाध्यक्ष जोगिंद्र वालिया ने हथकरघा के इतिहास और इस दिवस के महत्त्व पर चर्चा की। इस अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक राकेश वर्मा, अग्रणी बैंक के संजय कुमार, ग्रामीण बैंक के अनुराग जोशी और

## 3-2 FPO परियोजनाः– सिराज वैली फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनीः–

**Farmer Producer Organization (FPO)** परियोजना में **FPO** सिराज वैली प्रोड्यूसर कम्पनी की परियोजना अवधि दिसम्बर,2024 से 2 वर्ष हेतु नाबार्ड द्वारा बढ़ाई गई है। FPO की कुल सदस्यता 475 हो चुकी है एवं कुल share Capital 9,37000 हो चुका है। कम्पनी के द्वारा माह अप्रैल,2024 से मार्च,2025 तक 561146/–रू0 का व्यवसाय किया गया। कम्पनी के बोर्ड निर्देशक व CEO के द्वारा विभिन्न गावों में वर्ष 2024–25 में कुल 13 बैठकें की गई ।






## 3.3 प्रगतिशील किसान सहकारी सभा सीमित,माहूनाग

प्रगतिशील किसान सहकारी सभी सीमित माहुनाग करसोग की सदस्यता 233 व शेयर कैपिटल 1,85,000 है। **FPO** का वार्षिक टर्नओवर

2220000/–रू है। FPO के द्वारा किसानों को बीज उपलब्ध करवाये गये एवम् सेब पैकिंग मैटेरियल बेचा गया। इस वित् वर्ष में FPO के BOD की 12बैठकें की गई व 1आम सभा का भी आयोजन किया गया। FPO माहुनाग के क्षेत्र में प्राकृतिक खेती के सन्दर्भ में प्रशिक्षण कैम्प करवाया गया। इस वित् वर्ष 2024–25 में FPO के द्वारा 6गाँवों में व्यवसाय बढ़ाने हेतु बैठकों का आयोजन किया गया। FPO के द्वारा मोबाईल वैन के माध्यम से इस वर्ष 8,80,000रू0 का विजनैस किया गया। FPO के बोर्ड निर्देशकों व कार्यकारी अधिकारी का प्रशिक्षण 6–8फरवरी,2025 को शिमला में करवाया गया। 03–02–2025 से 08–02.2025 तक कम्पनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर व CEO का प्रशिक्षण शिमला में करवाया गया। 23जनवरी,2025 को FPO के द्वारा स्टेट केडिट सेमिनार 2025–26 में भाग लिया गया व FPO के द्वारा विजनैस बढ़ाने हेतु समय–समय पर नाबार्ड द्वारा आयोजित की गई प्रदर्शनियों आदि में भाग लिया गया है। FPO के द्वारा शिवरात्रि नाबार्ड प्रदर्शनी मार्च,2025 में भाग लिया गया।



MY NET TV डिजिटल समाचार

Monday, 24-03-2025 mynettv. online

## मांहूंनाग में प्रगतिशील किसान सहकारी सभा समिति द्वारा एक दिवसीय शिवर का आयोजन

माहूंनाग, करसोग(सोम भारद्वाज) 23 मार्च 2025 को ग्राम पंचायत सवामांहूं मांहूंनाग में प्रगतिशील किसान सहकारी सभा समिति द्वारा coromandal international limited comp के सौजन्य से एक दिवसीय शिवर का आयोजन किया गया जिसमें प्रगतिशील किसान सहकारी सभा समिति के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मांहूंनाग के उप प्रधान मोती लाल गौतम FPO के CEO अन्य गणमान्य सहित लगभग 50 किसानों ने भाग लिया जिसमें कम्पनी की ओर से D.R. उपेंद्र ने बागबानों को और किसानों की समस्या को सुना और समाधान भी किया इस कैंप में विशेष तौर पर सेब के पौधों की ग्रोथ और सेब मे कौन कौन सी खुराक, सेब के पौधे को लगाने से लेकर फलदार बनाने तक विशेष चर्चा हुई और D.R. उपेन्द्र ने समाधान भी बताया की सेब पूरे एक साल तक खाद से लेकर स्प्रे और काट छांट तक सभी विषयों का समाधान करवाया साथ में मटर, बीन्स, गोभी सभी प्रकार की सब्जियों के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की । FPO के अध्यक्ष मोती लाल गौतम ने सभी अतिथियों का और सभी किसान बागवान भाइयों का तहदिल से स्वागत किया गया ।

## 3.4.ग्राम दुकान परियोजनाः–

ग्राम दुकान परियोजना के तहत नाबार्ड द्वारा संजना स्वयं सहायता समूह हेतु दिनांक 15.03.2023 पत्र संख्या–663/ ओएफडीडी/2022–23 के तहत ग्राम दुकान परियोजना स्वीकृत की गई हैं। संजना ग्राम दुकान का विधिवत् उद्घाटन जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड श्री राकेश वर्मा के द्वारा 29अप्रैल,2023 को किया गया जबकि ग्राम दुकान की शुरूआत 1अप्रैल,2023 से की गई। संजना ग्राम दुकान द्वारा वर्ष 2024–25 में 809050/–रू की बिक्री की गई है। ग्राम दुकान संजना के द्वारा कुथाह मेला सिराज में 24 मई, से 30 मई,2024 तक कुल 20000/–रू0 की सेल की गई। सितम्बर,2024 में 13 से 15 सितम्बर,2024 में चोलुथाच टुरिज्म मेला में 8000/–रू0 की सेल की गई। 16सितम्बर,2024 में शैट्टाधार मेला में कुल10000/–रू0 की सेल की गई। 13 से 31 अक्तुबर,2024 में कुल्लु दशहरा में 1,85000/–रू0 की सेल की गई है। माह नवम्बर,2024 में जंजैहली दिपावली के अवसर पर 1 दिन की प्रदर्शनी लगाई गई थी जिसमें 8000/–रू0 की सेल की गई। 26 नवम्बर,2024 को कुथाह रैडक्रास मेला खंड सिराज में कुल 5000/–रू0 की सेल की गई। 1 से 3 दिसम्बर,2024 में लुहणु मेला बिलासपुर में 20000/–रू0 की सेल की गई। महाशिवरात्रि मेला मंडी 27 फरवरी,2025 से 7 मार्च,2025 तक 65000/–रू0 की सेल की गई। 7 मार्च,2025 को महिला दिवस के उपलक्ष्य पर शिमला मेला में 10000/–रू0 की सेल की गई।





### 3.4.1अम्बिका ग्राम दुकान परियोजनाः–

दिनांक15.03.2023पत्र संख्या–661/ओएफडीडी/2022–23 के तहत ग्राम दुकान परियोजना स्वीकृत की गई हैं। अम्बिका ग्राम दुकान का उद्घाटन जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड के द्वारा 29 अप्रैल,2023 को किया गया। माह अप्रैल,2024 में स्थानीय मेला चुराग में 25000/–रू की सेल की गई। माह जून,2024 में माहूनाग मेला करसोग में 73150/–रू0 की सेल की गई। जुलाई,2024 में हिमईरा दुकान पाँगणा को 35000/–रू0 के लोकल प्रोडक्ट सेल किये गये। अगस्त,2024 में हिमईरा दुकान करसोग को 25000/–रू0 के लोकल प्रोडक्ट सेल किये गये। अक्तुबर,2024 में कुल्लु दशहरा 12 अक्तुबर,2024 से 31 अक्तुबर,2024 तक 1,50,000/–रू की सेल की गई। धर्मपुर प्रदर्शनी मेला 27– 28 अक्तुबर,2024 में 70000/–रू0 की सेल की गई। जनवरी,2025 में मकर संक्राति के उपलक्ष्य पर ततापानी में 87600/–रू0 की सेल की गई। फरवरी,2025 में 27 फरवरी,2025 से 5 मार्च,2025 तक कुल 100000/–रू0 की सेल की गई। 8 मार्च,2025 में शिमला में एक दिवसीय प्रदर्शनी मेला में 80000/–रू0 की सेल की गई। माह मार्च,2025 में FPO छतरी,निहरी, में स्थानीय स्तर के 40000/–रू0 के प्रोडक्ट दिये गये।






### 3-4-2 LEDP परियोजनाः–

**LEDP** परियोजना के तहत खंड सदर में दिनाँक 15फरवरी,2023 के तहत स्वयं सहायता समूहों की 90महिलाओं हेतू “Woolen Cloth Making” प्रशिक्षण की स्वीकृति नाबार्ड के द्वारा की गई परियोजना के तहत 90 महिलाओं को ऊनी वस्त्र बनाने हेतू 15 दिवसीय एवम् दो दिवसीय प्रशिक्षण दिये गये है। परियोजना

के तहत महिलाओं को तीनों यूनिटों में कार्ड वाली 1–1 मशीन आबँटित की गई है परियोजना के तहत 3 यूनिटों में महिलायें लगातार विभिन्न उत्पाद बना रही है और बिक्री हेतू दिये जा रहे हैं व स्थानीय स्तर के उत्सवों में भी उत्पाद बेचे जा रहे हैं जिससे कि महिलाओं की आय में भी बढ़ोतरी हुई है। परियोजना के तहत शिवरात्रि,2025 में महिलाओं के द्वारा नाबार्ड द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में उत्पाद बिक्री किये गये। 8 मार्च,2025 को परियोजना के तहत जुड़ी महिलाओं के साथ नाबार्ड व समिति के द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय दिवस मनाया गया।





### 3.4.3 आजिविका उद्यमिता विकास कार्यक्रम खंड बल्ह

LEDP बल्ह के तहत महिलाओं के द्वारा 3 यूनिटों बैहना,सकरोहा,पाली में बैग के विभिन्न उत्पाद बनाये व बिक्री किये जा रहे है। दिनाँक 22 दिसम्बर,2024 को जिला विकास प्रबन्धक द्वारा 3 यूनिट्स में भ्रमण किया गया और प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं से बातचीत की गई व महिलाओं को और बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। 24 फरवरी,2025 को यूनिट पाली से 4 महिलाओं के द्वारा KVK सुन्दरनगर द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में भाग लिया गया व महिलाओं के द्वारा बनाये गये उत्पादों को प्रदर्शनी में रखा गया। 7मार्च,2025 को नाबार्ड द्वारा आयोजित अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर LEDP बल्ह से महिलओं ने भाग लिया व अपने विचार महिलाओं के द्वारा साँझा किये गये। परियोजना में Support for Development of Demonstration unit मद् के तहत प्रत्येक युनिट हेतू 3 बैग सिलाई की मशीने व बैग बनाने हेतू कच्चा माल दिया गया है।





**JLG परियोजना** 300 संयुक्त देयता समूह परियोजना के तहत 300 JLG बनाने व बैंक लिंकेज का लक्ष्य वर्ष 2024–25 में पूरा किया जा चुका है।

## 4.अभियान

### युवा बचाओ भविष्य बचाओ

युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान मण्डी, कुल्लू, हमीरपुर, कांगड़ा जिलाओं में चलाया जा रहा है। इसमें प्रशासन, स्वास्थ्य, बाल संरक्षण विभाग, पुलिस, शिक्षा विभाग, आईटीआई, कालेज, पंचायती राज व स्थीनीय संस्थाओं से सहयोग लिया जा रहा है। अब तक जिला स्तर पर कार्यशालाएं, खंड स्तर पर सरकाधाट, संधोल, टिहरा, जोगिन्द्रनगर, बल्ह,आनी में शिविर आयोजित किये गये व इसके अलावा आईटीआई मण्डी, करसोग, निरमंड कालेज, आनी, करसोग, 20 पाठशालाओं में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।

इस अभियान के अंतर्गत अब तक 97स्थानों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बारे शिविर लगाये गये जिसमें 10814 प्रतिभागियों ने भाग लिया इन शिविरों में मुख्यतः प्रशासन, पुलिस, विभागीय अधिकारी–कर्मचारी, स्वयं सहायता समूहों, महिला मडलों की सदस्यों, पंचायती राज के प्रतिनिधि जिसमें प्रधान,उपप्रधान, वार्ड सदस्य,जिला परिषद सदस्य,स्कूली छात्रों व अध्यापकों व आम जनता इत्यादि ने भागीदारी सुनिश्चित की जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| | युवा बचाओ–भविष्य बचाओ अभियान के तहत पंचायत, खंड व जिला स्तर पर आयोजित शिविरों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र | गतिविधि का विवरण | दिनांक | स्थान | प्रतिभागियों की संख्या | अन्य विवण |
| 1 | महिला दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान शिविर | 8/Mar/24 | ग्राम पंचायत फतेपुर–गोपालपुर | 50 | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| 2 | महिला दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान शिविर | 8/Mar/24 | राणा बाजार नेरचौक | 150 | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| 3 | कार्यकर्ताओं की क्षमता विकास प्रशिक्षण | 21/Apr/24 | साक्षरता कार्यालय सौली खड्ड | 70 | स्रौत व्यक्तियों की प्रशिक्षण कार्यशाला |
| 4 | कार्यकर्ताओं की क्षमता विकास प्रशिक्षण | 22/Apr/24 | खंड कार्यालय | 70 | स्रौत व्यक्तियों की प्रशिक्षण कार्यशाला |
| 5 | चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन | 23/Apr/24 | समस्त उप मंडलाधिकारी / उपायुक्त मंडी | | मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन |
| 6 | चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन | 23/Apr/24 | उपायुक्त मंडी | 5 | मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन |
| 7 | चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन | 23/Apr/24 | एसडीएम करसोग | 5 | मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन | 23/Apr/24 | एसडीएम गोहर | 5 | मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन |
| 9 | चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन | 23/Apr/24 | एसडीएम जोगिन्द्रनगर | 6 | मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन |
| 10 | चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन | 23/Apr/24 | एसडीएम बल्ह | 5 | मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन |
| 11 | चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन | 23/Apr/24 | एसडीएम थुनाग | 5 | मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन |
| 12 | चुनावों में बढ़ते नशे को रोकने बारे ज्ञापन | 25/Apr/24 | उपमंडलाधिकारी थुनाग | | मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन |
| 13 | क्षैत्रिय कार्यशाला एवम् अधिवेशन | 2/May/24 | सामुदायिक भवन बीडीओ–सरकाघाट | 200 | व्यापार मण्डल, विभिन्न संस्थाएं, स्वंय सहायता समूह व महिला मंडल |
| 14 | क्षेत्रीय कार्यशाला एवम् एक दिवसीय अधिवेशन | 2/May/24 | बचत भवन सरकाघाट | 200 | कमेटी गठन कार्य |
| 15 | जागरूकता शिविर | 3/May/24 | गोहर –चैलचौक | 60 | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| 16 | जागरूकता शिविर – कमेटी गठन | 14/May/24 | सरकाघाट | 50 | नगर परिषद सरकाघाट में नशा मुक्ति अभियान कमेटी का गठन किया गया |
| 17 | राजनीतिक दलों से चुनावों में नशे का इस्तेमाल न करने की अपील | 25/May/24 | चैलचौक | 10 | समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा अपील |
| 18 | राजनीतिक दलों से चुनावों में नशे का इस्तेमाल न करने की अपील | 26/May/24 | मंडी सदर | 10 | समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा अपील |
| 19 | राजनीतिक दलों से चुनावों में नशे का इस्तेमाल न करने की अपील | 27/May/24 | करसोग | 5 | समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा अपील |
| 20 | राजनीतिक दलों से चुनावों में नशे का इस्तेमाल न करने की अपील | 28/May/24 | गोपालपुर | 5 | समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा अपील |
| 21 | तंबाकू निषेध दिसव | 31/May/24 | आइटीआई मण्डी | 160 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 22 | जागरूकता शिविर | 10/Jun/24 | बीएड कालेज करसोग | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 23 | जागरूकता शिविर | 11/Jun/24 | आईटीआई करसोग | | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 24 | जागरूकता शिविर | 24/Jun/24 | अरविंद संस्कृत कालेज सनारली, करसोग कालेज | 150 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 25 | नशीली दवाओं के उपयोग व तस्करी के विरोध में अभियान | 26/Jun/24 | आईटीआई भोंरज, निरंमड–आनी | | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 26 | नशीली दवाओं के उपयोग व तस्करी के विरोध में अभियान | 26/Jun/24 | सज्याओपिप लू | 200 | रैली निकालकर जागरूक किया गयौ |
| 27 | नशीली दवाओं के उपयोग व तस्करी के विरोध में अभियान | 26/Jun/24 | सरकाघाट बचत भवन | 200 | जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया |
| 28 | नशीली दवाओं के उपयोग व तस्करी के विरोध में अभियान | 26/Jun/24 | साक्षरता कार्यालय सौली खड्ड | 200 | गोहर,बल्ह व सदर खंड के कार्यकर्ताओ को जागरूक किया गया |
| 29 | क्षेत्रीय कार्यशाला एवम् एक दिवसीय अधिवेशन | 26/Jun/24 | करसोग | 150 | जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया |
| 30 | क्षैत्रिय कार्यशाला एवम् अधिवेशन | 9/Jul/24 | संधोल | 150 | कमेटी कठन– इसमें तहसीलदार ओशिन शर्मा व पुलिस विभाग के अधिकारी |
| 31 | क्षैत्रिय कार्यशाला एवम् अधिवेशन | 10/Jul/24 | सज्याओपिप लू | 60 | नशामुक्ति अभियान समिति का गठन |
| 32 | जागरूकता शिविर | 10/Jul/24 | रा.व.मा.पा. झुंगी | 300 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 33 | जागरूकता शिविर | 12/Jul/24 | रा.व.मा.पा सेरी बंगलो | 100 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 34 | क्षेत्रीय कार्यशाला एवम् एक दिवसीय अधिवेशन | 13/Jul/24 | टिहरा | 60 | टिहरा क्षेत्र की कमेटी का गठन |
| 35 | जागरूकता शिविर | 14/Jul/24 | ग्राम पंचायत दारट बगला | 80 | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| 36 | क्षैत्रिय कार्यशाला व जागरूकता शिविर | 15/Jul/24 | जोगिन्द्रनगर | 200 | कमेटी गठन किया गया |
| 37 | ज्ञापन–नशे पर रोक लगाने बारे अपील | 25/Jul/24 | विधायक सदर | 7 | अपील |
| 38 | ज्ञापन–नशे पर रोक लगाने बारे अपील | 25/Jul/24 | विधायक गोहर–चच्योट | 10 | अपील |
| 39 | ज्ञापन–नशे पर रोक लगाने बारे अपील | 29/Jul/24 | विधायक गोपालपुर | 5 | अपील |
| 40 | जागरूकता शिविर | 3/Aug/24 | लडभड़ोल | 60 | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| 41 | जागरूकता शिविर | 5/Aug/24 | ममाण बनादर | 60 | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| 42 | युवा दिवस पर जागरूकता शिविर | 12/Aug/24 | चुराग | 30 | युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया गया |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 43 | युवा दिवस पर जागरूकता शिविर | 12/Aug/24 | कठलग | 60 | युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया गया |
| 44 | जागरूकता शिविर | 16/Aug/24 | डीएवी,ग्रयोह धर्मपुर | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 45 | जागरूकता शिविर | 17/Aug/24 | रा.व.मा.पा कोटली | 60 | रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों की तरफ से भाईयों को नशा न करने की शपथ |
| 46 | जागरूकता शिविर | 22/Aug/24 | माध्यमिक पाठशाला बल्ह टिक्कर | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 47 | जागरूकता शिविर | 24/Aug/24 | रा.व.मा.पा कन्या मंडी` | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 48 | जागरूकता शिविर | 24/Aug/24 | रा.व.मा.पा भराड़ी धर्मपुर | 150 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 49 | जागरूकता शिविर | 27/Aug/24 | रा.व.मा.पा टिहरा | 150 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 50 | जागरूकता शिविर | 29/Aug/24 | रा.व.मा.पा चोलथरा | 150 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 51 | अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस | 8/Sep/24 | सभी खंडो/ जिलाओं में | | नशे पर जागरूकता शिविर का आयोजन |
| 52 | जागरूकता शिविर अंतर्राट्रीय साक्षरता दिवस | 8/Sep/24 | ग्राम पंचायत थुनाग | 150 | नशे पर जागरूकता शिविर का आयोजन |
| 53 | जागरूकता शिविर अंतर्राट्रीय साक्षरता दिवस | 8/Sep/24 | नवाही मंदिर | 100 | नशे पर जागरूकता शिविर का आयोजन |
| 54 | जागरूकता शिविर अंतर्राट्रीय साक्षरता दिवस | 8/Sep/24 | लोहारा | 150 | नशे पर जागरूकता शिविर का आयोजन |
| 55 | जागरूकता शिविर अंतर्राट्रीय साक्षरता दिवस | 8/Sep/24 | पांगणा–करसोग | 100 | नशे पर जागरूकता शिविर का आयोजन |
| 56 | जागरूकता शिविर | 12/Sep/24 | ग्राम पंचायत डडौर | 35 | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| 57 | जागरूकता शिविर | 21/Sep/24 | रा.व.मा.पा. धर्मपुर | 20 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 58 | जागरूकता शिविर | 21/Sep/24 | आईटीआई धर्मपुर विजय मेमोरियल स्कूल | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 59 | जागरूकता शिविर | 21/Sep/24 | रा.व.मा.पा. सिद्धपुर | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 60 | जागरूकता शिविर | 24/Sep/24 | रा.व.मा.पा. संधोल | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 61 | जागरूकता शिविर | 24/Sep/24 | रा.व.मा.पा. कोठुवां, | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 62 | जागरूकता शिविर | 24/Sep/24 | आईटीआई संधोल | 50 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 63 | जागरूकता शिविर | 29/Sep/24 | रा.व.मा.पा बरोटी | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 64 | जागरूकता शिविर | 29/Sep/24 | रा.व.मा.पा मंडप | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 65 | जागरूकता शिविर | 29/Sep/24 | आईटीआई धर्मपुर | 50 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 66 | जागरूकता शिविर | 16/Oct/24 | रा.व.मा.पा नवाही गोपालपुर | 300 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 67 | जागरूकता शिविर | 16/Oct/24 | आईटीआई मोही | 300 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 68 | जागरूकता शिविर | 18/Oct/24 | रा.व.मा.पा सुंदर नगर | 250 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 69 | जागरूकता शिविर | 18/Oct/24 | रा.व.मा.पा छात्र सुंदर नगर | 250 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 70 | जागरूकता शिविर | 20/Oct/24 | रा.व.मा.पा निहरी | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 71 | जागरूकता शिविर | 21/Oct/24 | आईटीआई डडौर | 35 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 72 | जागरूकता शिविर | 21/Oct/24 | आईटीआई चच्योट | 150 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 73 | नशा मुक्ति जागरूकता शिविर | 22/Oct/24 | रा.व.मा.पा. गागल | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 74 | जागरूकता शिविर | 24/Oct/24 | रा.व.मा.पा धंग्यारा | 200 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 75 | | 25/Oct/24 | डीएवी,केन्द्रीय पाठशाला मंडी | | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 76 | जागरूकता शिविर | 25/Oct/24 | केन्द्रीय विद्यालय खलियार | 250 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 77 | जागरूकता शिविर | 25/Oct/24 | डीएवी स्कूल खलियार | 100 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 78 | जागरूकता शिविर | 28/Oct/24 | रा.व.मा.पा कोटली | 300 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 79 | प्रदर्शनी लगाकर जागरूकता | 29/Oct/24 | उड़ान मेला धर्मपुर | 400 | प्रदर्शनी लगा कर जागरूक किया |
| 80 | जागरूकता शिविर | 29/Nov/24 | रा.व.मा.पा बरोहकड़ी | 60 | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| 81 | जागरूकता शिविर | 10/Dec/24 | ग्राम पंचायत धरोट | 30 | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| 82 | मानवाधिकार दिवस पर नशे के खिलाफ जागरूकता शिविर | 10/Dec/24 | ग्राम पंचायत पंडोह | 50 | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ८३ | मानवाधिकार दिवस पर नशे के खिलाफ जागरूकता शिविर | 10/Dec/24 | ग्राम पंचायत ढलवाण | ६० | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ८४ | मानवाधिकार दिवस पर नशे के खिलाफ जागरूकता शिविर | 10/Dec/24 | ग्राम पंचायत गणइ चौक–चैलचौक | ६० | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ८५ | जागरूकता शिविर | 16/Dec/24 | रा.व.मा.पा शारटी | १८० | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| ८६ | जागरूकता शिविर | 18/Dec/24 | रा.व.मा.पा देवधार–गोहर | १८० | छात्रों को नशे दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया |
| ८७ | क्षेत्रिय बैठक | 9/Jan/25 | खौदा टिहरा | ११ | बैठक क्षेत्रिय कमेटी |
| ८८ | क्षेत्रीय जागरूकता शिविर | 21/Jan/25 | टिहरा रेस्ट हाउस | ८० | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ८९ | पंचायत स्तरीय जागरूकता शिविर | 22/Jan/25 | ग्राम पंचायत चोलथरा | ६० | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ९० | पंचायत स्तरीय जागरूकता शिविर | 23/Jan/25 | अम्बेदकर नगरसज्याओ पिपलू | ८० | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ९१ | जागरूकता शिविर | 25/Jan/25 | गांव लाम्बरी | ४० | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ९२ | जागरूकता शिविर | 25/Jan/25 | गांव सकोटा | ३५ | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ९३ | जागरूकता शिविर | 29/Jan/25 | गांव बंसतपुर | ३५ | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ९४ | जागरूकता शिविर | 10/Feb/25 | ग्राम पंचायत रिवालसर | ७० | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ९५ | क्षेत्रीय जागरूकता शिविर | 15/Feb/25 | ग्राम पंचायत मतेहड़ | ९० | महिला मण्डलों, समूहों के प्रतिभागियों को जागरूक किया। |
| ९६ | जागरूकता शिविर महिला दिवस | 8/March/25 | ग्राम पंचायत थुनाग | ९० | नशे पर जागरूकता शिविर का आयोजन |
| ९७ | जागरूकता शिविर महिला दिवस | 8/March/25 | ग्राम बलद्धाड़ा | ३५० | नशे पर जागरूकता शिविर का आयोजन |

# युवाओं में नशा निवारण के लिए स्वयं, परिवार-मित्रों की सामूहिक जिम्मेदारी : डा. दिनेश

## कहा : नशे के खिलाफ कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर अधिवेशन आयोजित किए जाएंगे

मंडी, 26 जून (रजनीश) : नशीली दवाओं के उपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध नशीली दवा विरोधी दिवस का आयोजन बुधवार को मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के सभागार कक्ष सौली खड्ड में मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति व हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति ने किया। इस मौके पर हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति जिला इकाई मंडी के अध्यक्ष ललित शर्मा ने कहा कि इस दिवस के अवसर पर नशे के खिलाफ कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर अधिवेशन आयोजित किए जाएंगे।

इन अधिवेशनों में विभिन्न विभाग, सामाजिक कार्यकर्त्ता, जन प्रतिनिधि, महिला मंडल एवं अन्य संस्थाओं को जोड़ा जाएगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. दिनेश ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि समाज में व्याप्त हो रहे नशे विशेषकर युवाओं में इनके बढ़ते चलन पर विचार किया क्योंकि युवाओं की देश के विकास में अति महत्वपूर्ण भूमिका है।

नशे के बढ़ते प्रभाव में यह बात सामने आई कि संयुक्त परिवारों का विघटन व एकल परिवार बढ़ने से भी इसमें वृद्धि हो रही है।

इसके अतिरिक्त जिज्ञासा, नया अनुभव करने का शौक, बेरोजगारी, अकेलापन व दबाव न झेल पाने की हिम्मत, टी.वी., सिनेमा तथा मोबाइल फोन का बढ़ता प्रभाव प्रमुख कारण हैं।

उन्होंने बताया कि युवाओं में नशा निवारण के लिए स्वयं, परिवार, मित्रों व समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावकों को अपने बच्चों पर निगरानी रखनी चाहिए, ताकि वह किसी गलत आदत का शिकार न बने। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित भागीदारों से सुझाव मांगे गए कि हम सामूहिक रूप से इस समस्या पर प्रभावी रूप से कैसे विजय पा सकते हैं। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र मोहन ने कहा कि मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति सभी स्तरों पर नशा मुक्ति अभियान समितियों का गठन गांव व वार्ड स्तर पर करेगी।



*मंडी : नशा निवारण के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. दिनेश ठाकुर। (संजू)*

नशा मुक्ति अभियान समिति में सभी सामजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक व अन्य संस्थाओं जैसे महिला मंडलों, समूहों, युवक मंडलों, पंचायत प्रतिनिधियों व कालेज प्रबंधक समितियों के साथ-साथ विभागों को भी शामिल करना।

अक्टूबर से दिसम्बर माह में जन जागरण पदयात्राएं, कला जत्थे व अन्य प्रकार की जन भागीदारी वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा प्रत्येक खंड में नशा मुक्ति अभियान बारे कुछ चुनिंदा व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया जाएगा और उनके लिए एक मार्गदर्शिका व अन्य मुद्रित सामग्री तैयार करके उपलब्ध करवाई जाएगी।

सरकार को नशा मुक्त समाज निर्माण के लिए चलाए जाने वाले इस अभियान में सभी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित और सहयोग देने बारे अनुरोध किया जाएगा।

---

# युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान को जन आंदोलन का रूप देगी साक्षरता समिति

## सूक्ष्म बीमा के तहत एक माह में करीब एक करोड़ के डैथ क्लेम का किया निपटारा

## साइबर क्राइम के बारे में जागरूकता लाने का किया जाएगा प्रयास

सवेरा ब्यूरो

मंडी, 25 अगस्त : युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान को अब जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति कोर ग्रुप और साधारणसभा की बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र मोहन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें समिति के कोर ग्रुप एवं साधारण सभा के पदाधिकारियों ने विभिन्न परियोजनाओं और समिति के आगामी कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। इस अवसर पर तय किया गया कि आने वाले समय में मंडी साक्षरता एवं जनविकास समिति, हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति, सामाजिक न्याय विभाग एवं गुंजन संस्था के साथ मिलकर पूर्व में चलाए साक्षरता अभियान की तर्ज पर जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। समिति के महासचिव भीम सिंह ने बताया कि युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान मंडी जिला के अलावा कुल्लू, हमीरपुर और कांगड़ा जिला में भी चलाया जा रहा है। इसमें प्रशासन, स्वयस्थ्य, बाल संरक्षण विभाग, पुलिस, शिक्षा, विभाग, आईटीआई, कालेज, पंचायतीराज संस्था और स्थानीय संस्थओं का सहयोग लिया जा रहा है। जिसके लिए वातावरण निर्माण के लिए कलाजत्थों का निर्माण एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उसी प्रकार पौधरोपण अभियान के तहत आने वाले समय में लगाए गए पौधों की देखभाल और उन्हें बचाने की दिशा में अलग से प्रयास किए जाएगें। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजेंद्र मोहन ने कहा कि युवा बचाओ भविष्य बचाओ अभियान को बड़े पैमाने पर चलाने के लिए समिति अन्य संस्थाओं के सहयोग के अलावा संपूर्ण साक्षरता अभियान के पैटर्न पर भी कार्य करेगी। जिसमें प्रशसन और आम जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।



मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति की साधारण सभा की बैठक मे भाग लेते सदस्य।

### 13-14 सितंबर को एफपीओ-एलईडीपी दल करेगा भ्रमण

बैठक में तय किया गया कि आगामी 13-14 सितंबर को समिति का एक अध्ययन दल दो दिवसीय भ्रमण पर निकलेगा। यह दल सरोआ हैंडलूम, एफपीओ बगश्याड और एलईडीपी थुनाग एवं जंजैहली का भ्रमण कर वहां की प्रगति का अध्ययन करेगा। जिसमें समिति के सदस्य शामिल रहेंगे। बैठक में भीम सिंह, एनआर ठाकुर, जोगिंद्र वालिया, डा. विजय विशाल, बीरबल शर्मा, मुरारी शर्मा, एनआर ठाकुर, नरपत राम वर्मा, वीना वैद्य, सुनीता, नवल शर्मा, तिलक राम चौहान, कुलदीप गुलेरिया, कांशी राम, गजेंद्र, देविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# साक्षरता अभियान की तर्ज पर चलाया जाएगा नशा मुक्ति अभियान : भूपेंद्र

## अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर नबाही मंदिर में आयोजित किया कार्यक्रम

**सवेरा ब्यूरो**

मंडी, 8 सितंबर : अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति तथा हिमाचल ज्ञान विज्ञान के सयुक्त तत्वावधान में नबाही मंदिर परिसर में क्षेत्रीय समारोह आयोजित किया गया। जिसमें गोपालपुर और धर्मपुर खंडों के कार्यकर्ताओंए समूह सदस्यों, बीमा मित्रों और वित्तिय साक्षरता मोटिवेटरों ने भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता कैप्टन राजेंद्र सिंह, केके ठाकुर, सुनीता पटियाल और प्रमीला ठाकुर ने की। समिति के संस्थापक सदस्य व वर्तमान कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम में बतौर



साक्षरता दिवस पर भूपेंद्र सिंह, केके ठाकुर व अन्य गणमान्य।

मुख्यातिथि भाग लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 1987 में केंद्र सरकार ने साक्षरता मिशन की शुरुआत की थी जिसके चलते मंडी ज़िला में भी इस अभियान के संचालन के लिए साक्षरता समिति गठित की गई थी। जिसने उस समय इस अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया था। इसके बाद सतत शिक्षा, महिलाओं के समूह निर्माण, पूर्ण स्वच्छता अभियान के बाद सूक्ष्म बीमा योजना, नाबार्ड की विभिन्न योजनाओं, भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तिय साक्षरता परियोजना का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया है और देश भर में अच्छी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मंडी ज़िला और सरकाघाट तथा धर्मपुर खंडों में जिस प्रकार से सिंथेटिक नशे का जिसमें विशेष तौर पर चिट्टे का इस्तेमाल बढ़ रहा है उसे देखते हुए अब समिति ने नशा मुक्ति अभियान चलाने का निर्णय लिया है। उन्होंने ये भी कहा कि आगामी दो मार्च को सभी ग्राम पंचायतों में नशे का प्रयोग न करने और सप्लाई बंद करने के लिए शपथ ग्रहण की जाएगी और गांव-गांव में निगरानी समितियां गठित की जाएगी। वहीं केके ठाकुर ने अपने कहा कि इस बार यूनिस्को ने इस दिवस का नारा बहुभाषीय शिक्षा, साक्षरता और आपसी सहयोग और शांति बनाए रखने का नारा दिया है। इसलिए हमें आपसी सद्भावना बनाए रखने के विचारों को भी समाज में फैलाना होगा। महिला मंडल हवानी और गहरा ने नशे के खिलाफ गीत और नाटक भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर खंड समंवयक सुनीता पटियाल ने समिति की विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी पेश की और कैप्टन राजेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया।

---

# 15 अगस्त को नशे से आजादी दिवस के रूप में मनाया जाएगा



**सवेरा न्यूज/विजय अवाहदेवी :** नशा मुक्ति अभियान के तहत उपमंडल टिहरा के सजाओ क्षेत्र में आने वाली 9 ग्राम पंचायतों के लिए गठित कमेटी की बैठक बुधवार को अंबेडकर भवन सजाओपीपलु में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता खंड अध्यक्ष भुपिंदर भूप्पी ने की और साक्षरता समिति की सचिव सुनीता बिष्ट और ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से भूपेंद्र सिंह ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 31 जुलाई तक इस क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायतों सजाओ, पिपली भराडी, जोढन, लौंगनी, सरी, बिंगा, सधोट, डरवाड और घरवासडा में निगरानी कमेटियां गठित की जाएंगी। उसके बाद अगस्त माह में सभी वार्डों व गांवों में कमेटियां गठित की जाएंगी। बैठक में ये भी निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त स्वत्रंता दिवस को इस बार नशे से आज़ादी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय कमेटी का भी पुनर्गठन किया गया, जिसमें रणताज राणा को अध्यक्ष, मालिका ठाकुर, सुरेश वर्मा, कंचना देवी और चन्दरकांत राणा को उपाध्यक्ष, कृष्ण देव गुलेरिया को सचिव, प्रवीण उपाध्याय, मीना, नीलम, सपना, यशोधा को सहसचिव और नानक चंद को कोषाध्यक्ष बनया गया। बैठक में प्रधानाचार्य सुरेंद्र सकलानी, ख्याली राम, रूपलाल, अंजना, जुल्मी, गंभरी, रीता, पवना, चंपा, विना, राजकुमारी, सरोजा, सपना, अतो देवी और अन्य ग्रामीणों ने भाग लिया।

# नशे के खिलाफ सजाओ में निकाली पैदल यात्रा



नशे के ख़िलाफ धर्मपुर उपमंडल सजाओ में नशे की रोकथम के लिए रैली निकालतीं महिलाएं। -संवाद

टिहरा/धर्मपुर (मंडी)। विश्व एंटी ड्रग्स डे पर धर्मपुर उपमंडल में हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति एवं मंडी साक्षरता समिति के सहयोग से भराड़ी से सजाओ तक नशे की रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में टिहरा, डरवाड़, सजाओ, लौंगनी, सरी और बिंगा क्षेत्रों के लोगों ने भाग लिया। नशा मुक्ति अभियान के तहत निकाले पैदल मार्च में महिलाओं और पूर्व सैनिकों की भागीदारी सबसे ज्यादा रही।

यात्रा का नेतृत्व नशा मुक्ति अभियान समिति के खंड अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय एथेलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी, वेटर्न इंडिया एवं यूनाइटिड फ्रंट ऑफ एक्स सर्विसमेन (जेसीओ

## महिला मंडल, वेटर्न इंडिया सैनिक लीग और सामाजिक संस्थाएं हुईं एकजुट

ओआर) के कैप्टन रमेश तपवाल, ज्ञान विज्ञान व साक्षरता समिति की सुनीता बिष्ट, पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने किया। रैली के माध्यम से लोगों से नशे बंदी को लेकर आहवान करते हुए उन्हें शपथ दिलाई गई।

अध्यक्ष भूप्पी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में धर्मपुर उपमंडल में करीब एक दर्जन युवाओं की मौत नशे के कारण हुई है। सैकड़ों युवा इसकी गिरफ्त में आ गए हैं। सिंथेटिक नशा चिट्टा के बढ़ रहे प्रचलन से परिजन अपने बच्चों के भविष्य बारे चिंतित हो गए हैं। युवाओं को नशे की लत से रोकने के लिए समाज के हर वर्ग हर व्यक्ति को आना होगा।

साक्षरता समिति की सचिव सुनीता बिष्ट ने कहा कि महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों में संगठित महिलाओं को इस अभियान में मुख्य भूमिका निभानी चाहिए। पूर्व जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि नशाबंदी को लेकर धर्मपुर उपमंडल में के तहत 10 जुलाई को सजाओ, 11 को संधोल और 13 जुलाई को टिहरा में सम्मेलन किए जाएंगे। इसके बाद संधोल, धर्मपुर और बरोटी-मंडप में भी कमेटियां गठित की जाएंगी। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों के आसपास भी कमेटियां बनाई जाएंगी, जो गुप्त सूचना देने और प्रभावितों की काउंसलिंग करने में सहयोग करेंगी।


Ministry of Social Justice
& Empowerment
Outstanding Contribution Award in the
Field of Drug Demand Reduction
Awarded to:
Mandi Saksharta Avum Jan Vikas Samiti, H.P.
INTERNATIONAL DAY AGAINST DRUG ABUSE 2024
"The evidence is clear: invest in prevention"
25th June, 2024
OSA Auditorium, PG College, Dharamshala
Presented by:
State Level Coordinating Agency (SLCA),
MSJE, GoI
Gunjan Organisation, Dharamshala



# युवाओं को नशे से बचाने के लिए स्कूल व गांव स्तर पर चलाया जाएगा अभियान


नेरचौक : अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण। (हरीश)


सरकाघाट : अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर उपस्थित महिलाएं। (महाजन)

## लोहारा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर लिया निर्णय

नेरचौक, 8 सितम्बर (हरीश): रविवार को पंचायत लोहारा के प्रधान पन्ना लाल की अध्यक्षता में मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति और हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस आयोजित किया गया, जिसमें महिला मंडलों तथा समिति के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि समिति के उपाध्यक्ष जोगिंद्र वालिया ने कहा कि मंडी में वर्ष 1992 के उपरांत साक्षरता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में समिति के स्वयंसेवियों की अहम भूमिका रही है। इसके उपरांत पर्यावरण, स्वास्थ्य और महिला समानता के मुद्दों पर भी समिति कार्य करती आई है और वर्तमान नशे के खिलाफ अभियान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रचार-प्रसार और जलवायु परिवर्तन को लेकर कार्य किया जा रहा है।

हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति अध्यक्ष सुमन चौधरी ने कहा कि इस समय हमें बल्ह में चिट्टे की चपेट में आए युवाओं को बाहर निकालना होगा और इसके लिए नशामुक्ति जन अभियान स्कूल व गांव स्तर पर चलाया जाएगा। संस्थापक सदस्य कुलदीप गुलेरिया ने कहा कि जन आंदोलन में सांस्कृतिक विद्या से ज्वलंत समस्याओं को आम भाषा में बड़ी आसानी से उजागर किया जा सकता है। समन्वयक नंद लाल ने समिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान में महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा (जीवन बीमा) व युवा बचाओ अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## नशे के खिलाफ प्रस्तुत किए गीत और नाटक

**सरकाघाट (महाजन):** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के मौके पर मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति तथा हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वावधान में सरकाघाट के न्याहरी मंदिर परिसर में भी क्षेत्रीय समारोह आयोजित किया गया। इसमें गोपालपुर और धर्मपुर खंडों के कार्यकर्ताओं, समूह सदस्यों, बीमा मित्रों और वित्तीय साक्षरता मोटिवेटर्ज ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता के. राजेन्द्र सिंह, के.के. ठाकुर, सुनीता पटियाल और प्रोमिला ठाकुर ने की, जबकि मंच संचालन सैंटर हैड ऋत्विक ने किया।

समिति के संस्थापक सदस्य व वर्तमान कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार से सिंथेटिक नशे का इस्तेमाल बढ़ रहा है, उसे देखते हुए अब समिति ने नशामुक्ति अभियान चलाने का निर्णय लिया है। समारोह के दौरान महिला मंडल हवानी और गहरा ने नशे के खिलाफ गीत और नाटक भी प्रस्तुत किए, वहीं खंड समन्यक सुनीता पटियाल ने समिति की विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी।

## हेमराज उपप्रधान व संजय बने महासचिव

नेरचौक, 8 सितम्बर (हरीश): अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं संयुक्त संघर्ष मोर्चा की बैठक जिला अध्यक्ष भवानी आजाद की अध्यक्षता में गुरुद्वारा साहिब नेरचौक में संपन्न हुई।


नेरचौक : बैठक में कार्यकारिणी विस्तार के बाद पदाधिकारी सामूहिक चित्र में। (हरीश)

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने बहुमत से यह निर्णय लिया कि मोर्चे का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया जाए। इस पर उपस्थित गणमान्यों द्वारा सर्वसम्मति से संजय कुमार को महासचिव और हेमराज को उपप्रधान नियुक्त किया गया।

---



# नशा समाज को कर रहा खोखला : ओशीन

## संधोल में नशा मुक्ति को लेकर सम्मेलन का आयोजन

संधोल, 9 जुलाई (संजीव): युवाओं में बढ़ते सिंथेटिक नशे को रोकने के उद्देश्य से हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति और गुंजन स्वयंसेवी संस्था द्वारा मंगलवार को संधोल में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता खंड अध्यक्ष एवं अंतर्राष्ट्रीय एथलैटिक्स कोच भूपिंदर भूप्पी ने की।

इस सम्मेलन में तहसीलदार संधोल ओशीन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि तथा गुंजन संस्था कांगड़ा के निदेशक विजय कुमार और ज्ञान विज्ञान समिति के भूपेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य स्रोत भाग लिया। इस मौके पर ओशीन शर्मा ने कहा कि नशा हमारे समाज को खोखला कर रहा है, हमें अपने समाज से इसे जड़ से उखाड़ फैंकना है। मुख्य स्रोत व्यक्ति


संधोल : नशे की रोकथाम बारे जानकारी देतीं तहसीलदार संधोल ओशीन शर्मा व उपस्थित अन्य लोग। (संजीव)

विजय कुमार ने बताया कि वर्तमान में 3 तरह के युवा व बच्चे हैं, जिनमें पहली श्रेणी में वे युवा आते हैं, जो नशे के दलदल में फंस गए हैं और सिंथैटिक नशे के आदी हो गए हैं।

दूसरी श्रेणी में वे आते हैं, जो कभी-कभी नशा करते हैं और तीसरी श्रेणी में वे युवा आते हैं, जिन्होंने अभी तक नशा प्रयोग नहीं किया है। इसलिए हमें तीसरी श्रेणी के बच्चों को प्राथमिकता देनी है और उन्हें नशे के मकड़जाल में फंसने से बचाना है।

## नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाने के लिए समिति गठित

संधोल क्षेत्र में नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाने के लिए समिति गठित की गई, जिसकी अगुवाई करने की जिम्मेदारी नारी शक्ति महासंगठन संधोल की अध्यक्ष पूनम ठाकुर को सौंपी गई और व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार, निशा भाटिया, निर्मल भरमौरिया, शन्नो देवी और सीमा ठाकुर को समिति का उपाध्यक्ष, स्कूल प्रबंधन समिति संधोल के प्रधान संजीव गुलेरिया को सचिव और दिनेश, पंकज बरवाल, मितुल ठाकुर, अजय सकलानी व किरण देवी को सह सचिव तथा डी.आर. भरमौरिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

नशा मुक्ति के लिए सलाहकार मंडल भी गठित किया गया, जिसमें पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कर्नल खेम सिंह, पूर्व डी.एस.पी. रविन्द्र मंढोतरा, संधोल कल्याण एवं विकास समिति के अध्यक्ष मान सिंह, संधोल किसान सभा के अध्यक्ष मोहन लाल भरमौरिया, गौ सेवा के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मोक्षधाम प्रबंधन समिति के डी.आर. भरमौरिया, रणधीर बरवाल, श्रवण कुमार व कुलदीप सिंह मंढोतरा को शामिल किया गया है। इसके अंतर्राष्ट्रीय एथलैटिक्स कोच भूपिंदर भूप्पी, सुनीता बिष्ट और पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह को भी इस समिति का स्थायी सदस्य बनाया गया।

## 5.पर्यावरण अभियान

पौध रोपण अभियान 11जुलाई से 31अगस्त,2024 तक चलाया गया । जिसमें मण्डी हमीरपुर, कुल्लु कांगड़ा जिला में हजारों पौधों का रोपण किया गया। इसमें पर्यावरण बदलाव के खतरे व बढ़ता तापमान व आपदा संबंधी चर्चाए आयोजित की गई।

## 6.अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

8मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस,2025 के अवसर पर सदर का ग्राम पंचायत मझवाड, सुंदरनगर का महादेव, करसोग खंड का चुराग ,धर्मपुर का राजकीय डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्ण राजकीय कालेज धर्मपुर , गोपालपुर का बलद्वाड़ा, द्रंग चौंतड़ा का लड्भड़ोल, सराज का ग्राम पंचायत थुनाग, भौंरज में आयोजन किया गया। नग्गर सेंटर के कार्यकर्तो द्वारा जिला इकाई कुल्लू के साथ मिलकर 8मार्च को मनाया गया। बल्ह खंड का रिवालसर में10 मार्च को, 11मार्च को गोहर तथा 12मार्च को टकोली (बालीचौकी खंड) में मनाया गया। इस दिवस में जन प्रतिनिधियों, पंचायती राज से प्रधान,उपप्रधान,जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति, महिला मण्डल व स्वंय सहातया समूहों की महिलाओं ने भाग लिया।

## 7.समिति द्वारा आयोजित कार्यकारिणी, साधारण सभा व कोर समूहों बैठकों का विवरण

| क्र | दिनांक | विवरण | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | 21अप्रैल,2024 | साधारण सभा बैठक | 18 |
| 2. | 15मई,2024 | कार्यालय भवन निर्माण एवम् वित समूह बैठक | 7 |
| 3. | 3जुलाई,2024 | सुक्ष्म बीमा समूह | 10 |
| 4. | 3जुलाई,2024 | पर्यावरण सुरक्षा,स्वास्थ्य एवम् सामाजिक न्यायसमूह | 9 |
| 5. | 29जुलाई,2024 | आर्थिक स्वालंबन समूह | 5 |
| 6. | 30जुलाई,2024 | सांस्कृति, साहित्य,मीडिया समूह | 8 |
| 7. | 30जुलाई,2024 | वित्तीय साक्षरता समूह | 5 |
| 8. | 25अगस्त,2024 | कोर समूह बैठक | 9 |
| 9. | 25अगस्त,2024 | साधारण सभा बैठक | 19 |
| 10. | 10जनवरी,2025 | कोर समूह बैठक | 7 |
| 11. | 9मार्च,2025 | कार्यकारिणी बैठक | 14 |
| 12. | 15मार्च,2025 | कार्यालय भवन निर्माण एवम् वित समूह बैठक | 6 |

## 8.समिति द्वारा आयोजित कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठकों का विवरण

| क्र | दिनांक | विवरण | उपस्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | 3अप्रैल,2024 | कार्यकर्ता समीक्षा बैठक | 30 |
| 2. | 2मई,2024 | कार्यकर्ता आर्नलाईन समीक्षा बैठक | 60 |
| 3. | 2जून,2024 | कार्यकर्ता आर्नलाईन समीक्षा बैठक | 60 |
| 4. | 1जुलाई,2024 | कार्यकर्ता समीक्षा बैठक | 30 |
| 5. | 2अगस्त,2024 | कार्यकर्ता समीक्षा बैठक | 30 |
| 6. | 1सितंबर,2024 | कार्यकर्ता समीक्षा बैठक | 30 |
| 7. | 1अक्तूबर,2024 | कार्यकर्ता आर्नलाईन समीक्षा बैठक | 60 |
| 8. | 5नवंबर,2024 | कार्यकर्ता समीक्षा बैठक | 72 |
| 9. | 3दिसंबर,2024 | कार्यकर्ता समीक्षा बैठक | 30 |
| 10. | 1जनवरी,2025 | कार्यकर्ता समीक्षा बैठक | 30 |
| 11. | 3फरवरी,2025 | कार्यकर्ता समीक्षा बैठक | 25 |
| 12. | 2मार्च,2025 | कार्यकर्ता समीक्षा बैठक | 24 |